प्रेस नोट

दिनांक 15.09.2024

आगामी त्यौहार के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक संपन्न

आज दिनांक 15.09.2024 को, श्रीमान आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा एवं पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के अध्यक्षता में जनपद हमीरपुर में, आगामी त्यौहार गणेश प्रतिमा विसर्जन, विश्वकर्मा पूजा, व बारावफात के संबंध में बिंदुवार चर्चा कर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य आगामी त्यौहारों के दौरान शांति और सद्भावना बनाए रखना है। बैठक में स्थानीय प्रशासन, धर्मगुरु, और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस बल की तैनाती पर चर्चा की गई। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्णय लिया गया।

त्योहारों के दौरान यातायात की सुगमता के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात के सुचारू प्रवाह के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी।

विभिन्न समुदायों के बीच आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दिए गए। यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असत्य सूचना फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने त्यौहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मौदहा, उपजिलाधिकारी मौदहा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।